Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 23 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 27

## 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' का शुभारंभ

- पहले चरण में 75,000 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान की गई
- बिलासपुर में नवनियुक्त कर्मियों को माननीया केंद्रीय राज्यमंत्री मती रेणुका सिंह ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में 600 से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया
- रेलवे के अतिरिक्त डाक,बैंकिंग, एसएसबी आदि केंद्रीय विभागो के कर्मियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

**बिलासपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान - रोजगार मेला - का शुभारंभ किया गया । इस समारोह के दौरान 75,000 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।

वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी ने नवनियुक्त युवाओं को धनतेरस के शुभ अवसर पर नियुक्ति पाने पर बहुत शुभकामनाएं दिया तथा देश की प्रगति में उनके सच्चे अर्थों में सहभागी होने का आह्वान किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर स्टेशन परिसर में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। यहां पर रेलवे के 200 से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिलासपुर, रायपुर तथा नागपुर में आयोजित इस समारोह में केवल रेलवे के 600 से अधिक सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति



पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के अन्य विभाग जैसे सशस्त्र सीमा बल, डाक विभाग आदि के कर्मियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा गया। माननीय प्रधानमंत्री सहित देश के 50 आयोजन केंद्र इस कार्यक्रम से जुड़े थे। बिलासपुर में मती रेणुका सिंह, माननीय राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिलासपुर के लोकसभा सांसद अरुण साव ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शैलेश पांडेय, माननीय विधायक, बिलासपुर विशिष्ट अतिथि एवं मति रश्मि आशीष सिंह, विधायक तखतपुर, रजनीश सिंह विधायक बेमेतरा तथा राम शरण यादव महापौर बिलासपुर की गरियामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रेणुका सिंह, राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने इस अवसर पर नव नियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए हुए, माननीय प्रधान मंत्री को रोजगार मेला शुभारंभ करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस योजना से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर संभावनाओं के साथ ही देश सेवा का अवसर मिलेगा । उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों को संपूर्ण समर्पण के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अरुण साव, सांसद बिलासपुर ने भी सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दिया तथा जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर मंडल के 25 नवनियुक्त कर्मियों को मती रेणुका सिंह, माननीय राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, प्रवीण पाण्डेय,मंडल रेल प्रबंधक ,बिलासपुर तथा मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) राजेंद्र कुमार अग्रवाल की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवम श्रोता उपस्थित थे।

### 100 साल पुरानी बेरोजगारी की समस्या को 100 दिनों में हल नहीं किया जा सकता - पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बेरोजगारी की 100 साल पुरानी समस्या को 100 दिनों में हल नहीं किया जा सकता। उन्होंने वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक मेगा भर्ती अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भर्ती अभियान आठ वर्षों में रोजगार, स्वरोजगार के लिए सरकार के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। प्रधान मंत्री मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इसमें भर्ती योजना के पहले चरण में 75 हजार उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए। पीएम ने कहा, हमारा मिशन मेक इन इंडिया है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में, जहां पहले हम आयात पर निर्भर थे, अब रिकॉर्ड निर्यात कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चमोली में लैंडस्लाइड से मकान ध्वस्त, एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दबे

**चमोली (आरएनएस)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पेनगढ़ गांव में लैंडस्लाइड होने से एक मकान चपेट में आ गया और पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस मकान में एक ही परिवार के 5 लोग दब गए। मौके पर रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। एक शव बरामद किया गया है। एसडीआरएफ के अनुसार शनिवार को जिला कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि थराली पैनगढ़ में दो से तीन मकानों पर मलवा आ गया है, जिसमें 3 से 4 लोगों के दबे होने की संभावना है। मौके पर सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर लैंडस्लाइड के कारण पहाड़ से एक बहुत बड़ा पत्थर मकान से टकरा गया था, जिससे मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया, जिसमें पांच लोग दबे हुए थे।

### श्रीनाथजी मंदिर से आकाश अंबानी आज राजस्थान में 5जी सेवा शुरू करेंगे

**जयपुर (आरएनएस)।** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी शनिवार को राजसमंद के नाथद्वारा के प्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर से राजस्थान में 5जी सेवाओं की शुरूआत करेंगे। जानकारी के अनुसार आकाश अंबानी शनिवार की सुबह विशेष विमान से उदयपुर पहुंचेंगे, जहां से वह रेगिस्तानी राज्य में 5जी सेवा शुरू करने के लिए नाथद्वारा जाएंगे। अंबानी परिवार के देवता श्रीनाथजी पर बहुत विश्वास है- जिनके मंदिर से पहले रिलायंस जियो 4जी सेवाओं की शुरूआत भी की थी। इस साल सितंबर में मुकेश अंबानी ने श्रीनाथजी के दर्शन कर मंदिर के महंत विशाल बाबा से आशीर्वाद लिया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि राज्य में नाथद्वारा स्थित मंदिर से 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी।

### जम्मू-कश्मीर एसआईए ने कई जगहों पर की छापेमारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कई जगहों पर छापेमारी की। एसआईए ने श्रीनगर के रेजीडेंसी रोड, परिमपोरा, पालपोरा, नूरबाग इलाकों के साथ-साथ पट्टन, बारामूला जिले में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों ने कहा कि ये छापे टेरर फंडिंग मामले और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में एसआईए की चल रही जांच का हिस्सा हैं।

### पटना में गंगा के जलस्तर में आई कमी, तैयार होने लगे छठ घाट



**पटना (आरएनएस)।** छठ महापर्व को लेकर गंगा घाटों को तैयार करने का काम तेज हो गया है। गंगा के जलस्तर में कमी के बाद कई कच्चे घाटों की स्थिति सुधारने में भी जिला प्रशासन जुटा है। पटना के एक अधिकारी बताते हैं कि गंगा के जलस्तर में कमी आई है, लेकिन कच्चे घाटों पर दलदल की स्थिति बनी हुई है। बांसघाट और कलेक्ट्रेट घाट पर अब भी पानी जमा है। लोक आस्था के इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर पक्के घाटों की सीढ़ियों पर जमी मिट्टी हटाई जा रही है। कच्चे घाटों पर, जहां दलदल है, वहां संपर्क पथ बनाने का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 25 अक्टूबर के बाद बैरिकेडिंग का काम प्रारंभ होगा। खतरनाक तथा अधिक जलस्तर वाले इलाकों की बैरिकेडिंग की जाएगी। इसके अलावा अस्थायी चेंजिग रूम की भी व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि 28 अक्टूबर तक सभी घाटों को तैयार कर लिया जाएगा। वे घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। गंगा के जलस्तर में लगातार कमी आ रही है। छठ पूजा के लिए दानापुर से दीदारगंज तक 105 घाटों को चिह्नित किया गया है। इन सभी घाटों की स्थिति का जायजा लेने के लिए 21 टीमें गठित की गई हैं। उल्लेखनीय है कि छठ की शुरूआत 28 अक्टूबर से होगी।

## कोलकाता में 30 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि उनके विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अधिकारियों ने कोलकाता के एक गोदाम से अफीम आधारित नशीला पदार्थ जब्त किया है।

इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान फैयाज आलम (55), मोहम्मद सुल्तान (39) और मोहम्मद कलीम (28) के रूप में हुई है। नगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब्त नशीले पदार्थ की मात्रा 3,600.7 किलोग्राम है, जिसका बाजार मूल्य करीब 30 करोड़ रुपये है।

इस साल 14 अक्टूबर को एसटीएफ ने झारखंड के रहने वाले नौसाद अंसारी को मध्य कोलकाता के एजेसी बोस रोड से 531 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था।

अंसारी ने स्वीकार किया कि उसे यह काम झारखंड से मिला था। उसे कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में आनंदपुर पुलिस स्टेशन के तहत गुलशन कॉलोनी में एक



गोदाम में पहुंचाना था।

इसी कड़ी में बीती देर रात एसटीएफ ने उस विशेष गोदाम में छापा मारा और वहां से भारी मात्रा में अफीम जब्त किया।

नगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोदाम इन नशीले पदार्थों के विभिन्न खुदरा विक्रेताओं को मुख्य वितरण केंद्र के रूप में कार्य करता था। एसटीएफ को संदेह है कि इस व्यापार के पीछे एक क्रॉस-कंट्री रैकेट शामिल है।

## रंगदारी मामले में जैकलीन को राहत, 10 नवंबर तक बढ़ाई गई अंतरिम सुरक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने करोड़पति ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की रंगदारी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को मिली अंतरिम राहत की अवधि बढ़ा दी है। चूंकि उनकी जमानत आज खत्म हो रही थी, इसलिए वह सुनवाई के लिए पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। अदालत ने फर्नांडीज को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 10 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया। अदालत 10 नवंबर को नियमित जमानत याचिका पर दलीलें सुनेगी और दस्तावेजों



की जांच भी की जाएगी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में अपना दूसरा आरोप पत्र दायर किया था जिसमें फर्नांडीज को एक आरोपी के रूप में नामित किया गया है। फर्नांडीज और एक अन्य बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने मामले में गवाह के रूप में अपने बयान दर्ज किए थे। इससे पहले ईडी ने फर्नांडीज की 7.2 करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि कुर्क की थी। ईडी ने इन उपहारों और संपत्तियों को अभिनेत्रियों द्वारा प्राप्त अपराध की आय करार दिया।

फरवरी में, ईडी ने चंद्रशेखर की कथित सहयोगी पिंकी ईरानी के खिलाफ अपनी पहली पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज की थी, पिंकी ने ही सुकेश को बॉलीवुड अभिनेत्रियों से मिलवाया था। आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि पिंकी ईरानी फर्नांडीज के लिए महंगे उपहार चुनती थी और बाद में सुकेश चंद्रशेखर द्वारा उन उपहारों के लिए भुगतान किया जाता था।

ईडी ने पिछले साल दिसंबर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह की अदालत में इस मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल किया था। बाद में फरवरी में ईडी ने ईरानी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। चंद्रशेखर ने कई मॉडलों और बॉलीवुड हस्तियों पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए थे। कुछ बॉलीवुड हस्तियों ने उससे उपहार लेने से इनकार कर दिया था।

## एमपी के रीवा में दर्दनाक हादसा... बस-ट्राले की टक्कर में 15 मजदूरों की मौत, 40 घायल, दिवाली मनाने घर जा रहे थे सभी मजदूर

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी पहाड़ में देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। 3 वाहनों की भीषण टक्कर हो जाने से 15 लोगों की मौत हो गई है जबकि 40 घायल हुए हैं। ये सभी मजदूर दिवाली मनाने घर जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यूपी पासिंग बस हैदाराबाद से गोरखपुर जा रही थी। तभी रात करीब 11.30 बजे बस ट्रॉले से टकरा गई। प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि आगे चल रहे ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रही सीधे ट्रॉले में जा घुसी। बस में सभी श्रमिक सवार थे, जो दीपावली मनाने अपने घर जा रहे थे। हादस में 40 के करीब लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं, 15 लोगों की जान चली गई। हादसे के बाद कुछ लोग कैबिन में फंस गए थे, जिनको काफी मशक्कत के बाद



निकाला गया। रीवा पुलिस अक्षीक्षक नवनीत भसीन ने कहा है कि 15 लोगों की मौत हुई है। सभी लोग उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। बस हैदराबाद से गोरखपुर जा रही थी। रीवा के सुहागी पहाड़ी के पास हादसा हुआ है। 40 घायलों में से 20 को प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि बस में 80 से अधिक यात्री सवार थे। दरअसल बस जैसे ही सोहागी पहाड़ के समीप पहुंची तभी बस के आगे जा रहे ट्रक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इस दौरान अनियंत्रित होकर बस भी ट्रक के पीछे से भिड़ गई और पलट गई। जिस वाहन की ट्रक से भिड़ंत हुई थी, उसका ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से लापता है। घटना के बाद से पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

रीवा कलेक्टर मनोज पुष्प ने कहा है कि ऐसा लगता है कि सामने वाले ट्रक से ट्रॉली ट्रक का एक्सीडेंट हो गया था और जब चालक ने ब्रेक लगाया तो पीछे से बस ने टक्कर मार दी. पुलिस-प्रशासन और स्थानीय लोग यहां हैं। बचाव कार्य किए गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने रीवा बस-ट्रॉली ट्रक की टक्कर में मारे गए लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देर रात रीवा जिले में हुए सडक़ हादसे पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रात: उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर चर्चा की और उन्हें इस हादसे से अवगत कराया। मुख्यमंत्री चौहान ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि देर रात यह सडक़ हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही रीवा जिले के कलेक्टर एसपी सहित बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जिला प्रशासन ने पूरी रात रेस्क्यू ऑपरेशन किया।

हादसे में जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके पार्थिव शरीर अभी त्योंथर में रखे हुए हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा उन्हें ससम्मान प्रयागराज पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही जो व्यक्ति जो सुरक्षित हैं या कम घायल है उन्हें फर्स्ट एड दे करके रात को ही दो बसों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचाया गया है। ऐसे यात्री जो गंभीर रूप से घायल हैं उनका इलाज रीवा मेडिकल कॉलेज में निशुल्क किया जा रहा है। रीवा जिला प्रशासन इलाज सहित घायलों एवं मृतकों के परिवाजनों के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर रहा है।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर का अपहरण कर 10 लोगों ने किया गैंगरेप, मारपीट के बाद फोन-पैसे भी छीने

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** झारखंड में रेप और हत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। ताजा मामला चाईबासा एयरपोर्ट का है , भाई के दोस्त के साथ घूमने गई सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती (26 वर्ष) से दस युवकों ने गैंगरेप किया। नाजुक हालत में युवती का इलाज चाईबासा सदर अस्पताल में चल रहा है। बदमाशों ने युवती और उसके भाई के दोस्त के साथ मारपीट भी की और फैन-पैसे भी छीन लिए।

इधर, वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मामले में युवती के बयान पर मुफस्सिल थाने में 10 अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच जारी है। युवती ने बताया कि वह एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और फिलहाल घर पर रहकर काम कर रही है। देर शाम भाई के दोस्त के साथ घूमने गई थी तभी उसके साथ ये घटना हुई।

देर शाम भाई के दोस्त के साथ स्कूटी से पुराना चाईबासा एयरपोर्ट घूमने गयी थी। इस दौरान नौ-दस युवक आ धमके और उनलोगों से पूछा कि यहां क्या कर रहे हो? इसके बाद उक्त लडक़ों ने स्थानीय भाषा में आपस में कहा कि आज दोनों को यहां से जाने नहीं देना है। यह कह युवकों ने उनपर हमला कर दिया और मारपीट कर मोबाइल, एटीएम, पर्स, कैश आदि लूट लिए।

## पश्चिम बंगाल व ओडिशा सहित कई राज्यों में चक्रवाती तूफान कल देगी दस्तक, मंडरा रहा खतरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तरी अंडमान सागर पर बने कम दबाव के क्षेत्र के शनिवार को और बढ़ जाने के बाद 24 अक्टूबर तक इसके चक्रवात का रूप लेने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से लगभग 1,460 किलोमीटर दूर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में यह कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके चलते कई राज्यों में आगामी दिनों में भारी बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया है पश्चिम बंगाल, ओडिशा और कई दक्षिण के राज्यों में आने वाले दिनों में तेज बारिश होने वाली है। आईएसडी के अनुसार, ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में 24



व 25 अक्टूबर को भारी बारिश होगी। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार में 22 से 24 अक्टूबर तक तेज बरसात होगी। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में 24, 25, असम और मेघालय में 24 से 26 अक्टूबर, मिजोरम और त्रिपुरा में 23 से 26 अक्टूबर के बीच बारिश होगी।

दक्षिण के राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल और माहे में 22 अक्टूबर को मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं, नॉर्थ वेस्ट और सेंट्रल इंडिया में बारिश होने की उम्मीद नहीं है, जबकि पहाड़ी इलाकों में कुछ जगह बर्फबारी हो सकती है।

**कब कहां पहुंचेगा चक्रवाती तूफान-** चक्रवात पर मौसम विभाग ने जानकारी दी कि इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढऩे और 23 अक्टूबर की सुबह तक दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के आसपास और पूर्वी-मध्य क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र के और गंभीर होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, इसके फिर से धीरे-धीरे उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढऩे और 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के मध्य में चक्रवाती तूफान का रूप लेने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, उसके बाद यह उत्तर-पश्चिम-पूर्व की ओर बढ़ता रहेगा और 25 अक्टूबर के तडक़े तिनकोना द्वीप तथा सैंडद्वीप के बीच बांग्लादेश के तट पर पहुंचेगा।

**थाईलैंड ने दिया सितरांग चक्रवात नाम-** थाईलैंड ने इस संभावित चक्रवाती तूफान के लिए 'सितरांग' नाम सुझाया है। मौसम विभाग ने मछुआरों को शनिवार को मध्य बंगाल की खाड़ी और गहरे समुद्र क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही 23 से 26 अक्टूबर के बीच उन्हें ओडिशा तट और पश्चिम-मध्य तथा उत्तरी बंगाल की खाड़ी में जाने से मना किया है। इन मौसमी परिस्थितियों के कारण बंगाल और ओडिशा के ज्यादातर क्षेत्रों में भारी बारिश होने का अनुमान है। कोलकाता में मौसम विभाग के क्षेत्रीय केन्द्र के उप महानिदेशक संजीब बंदोपाध्याय के अनुसार, उत्तरी-24 परगना और दक्षिणी-24 परगना जिलों में 24 अक्टूबर को बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इसी दिन पश्चिमी मेदिनीपुर में भी भारी बारिश होने का अनुमान है। बंदोपाध्याय ने बताया कि अगले दिन नदिया, उत्तरी-24 परगना और दक्षिण 24 परगना में भारी बारिश का अनुमान है। उन्होंने बताया कि दोनों दिन कोलकाता, हावड़ा और हुगली में भी बारिश होने की संभावना है।